संक्षिप्त

नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

शाहपुरा । उपखंड शाहपुरा के गांव बिदारा में रविवार को राउमावि बिदारा के परिसर में राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोशनी वर्मा, सहयोगिनी मीरा शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर आदि ने नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाई गई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ने भारत को 2014 में पोलियो मुक्त घोषित कर दिया था। गांव के 0 से 5 वर्ष तक के बालकों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को डोर टू डोर, कच्ची बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा भी पिलाई जाएगी, साथ ही बालकों को दवा पिलाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। इस दौरान हार्दिक वर्मा, ख्वाहिश, निहाल, खिया, रुद्र सहित परिजन उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

पावटा। पल्स पोलियो महाअभियान की शुरुआत खंड पावटा में खंड स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की गई। खंड पावटा के लक्षित 17940 बच्चों को 258 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस दौरान ब्लॉक बीसीएमएचओ डॉ . कृष्ण सिंह, प्रभारी रवि बंसल मौजूद रहे। बीसीएमएचओ डॉ . कृष्ण सिंह ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान पूरे पावटा खंड भर में 17940 छोटे बच्चों को जन्म से लेकर 5 साल के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। दो बूंद दवा इससे बच्चा स्वस्थ रहता है। विभिन्न सेवा भावी संस्थाएं भी आज के दिन कार्य कर रही है। 2 दिन घर-घर जाकर दवा पिलाएंगे।

51 लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

टोंक। अवैध मादक पदार्थ स्मैक 256 ग्राम जप्त की गई, जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में कीमत करीबन 51 लाख 20 हजार रूपये है व एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृत्ताधिकारी राजेश विद्यार्थी के सुपरविजन एवं मेहन्दवास थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने दौराने गश्त उस्मानपुरा कट एनएच-52 से आरोपी पप्पूलाल पुत्र जगन्नाथ की तलाशी के बाद उसके कब्जे से 256 ग्राम स्मैक जप्त की गयी। जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में कीमत करीब 51 लाख 20 हजार रूपये बताई गई है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी पप्पूलाल पुत्र जगन्नाथ राजपूत निवासी नीमखेडा पंचायत सरखंडी थाना घाटोली जिला झालावाड को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

महोत्सव 25 को

निवाई। नाटेश्वर नगरी नटवाड़ा में 25 नवंबर को श्री बद्रीनाथ धाम प्रबंधन एवं विकास समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन होगा। जिसमें कई संत एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल जाट व भाजपा नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि ग्राम पंचायत नटवाड़ा में 25 नवंबर को महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज, मनीषदास महाराज एवं दिनेशदास नागा महाराज के सानिध्य में श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

डोटासरा का भव्य स्वागत किया

भरतपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के भरतपुर आगमन पर लुधावाई टोल प्लाजा पर कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में जिले के भारी तादाद में कांग्रेसजनों ने 21 किलो की बड़ी माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माला पटका पहनाकर पीसीसी चीफ डोटासरा का भव्य स्वागत किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मत्स्य उत्सव में साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

■ अतुल्य अलवर अभियान को लेकर दिलाई स्वच्छ व ग्रीन अलवर की शपथ। जिला कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारी व व्यापारी आमजन रहें मोजूद

अलवर। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले चार दिवसीय मत्स्य उत्सव का रविवार को महाआरती व अलवर अतुल्य अभियान की थीम पर साइकिल रैली व स्वच्छता एवं ग्रीन अलवर की शपथ के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। नेहरू उद्यान से नगर वन कटी घाटी तक निकल गई साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व एसपी सुधीर चौधरी ने रवाना किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मत्स्य उत्सव के शुभारंभ पर समस्त जिलेवासियों से इस उत्सव में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते हुए आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने बताया कि मत्स्य उत्सव के प्रथम दिवस रविवार को जगन्नाथ जी मन्दिर में महाआरती के साथ मत्स्य उत्सव का आगाज किया गया है। 26 नवम्बर तक आयोजित होने वाले मत्स्य उत्सव लोक व सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहेगा।

कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व एसपी सुधीर चौधरी ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मत्स्य उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'अतुल्य अलवर अभियान' की थीम पर साइकिल रैली निकाली गई, जिसे जिला कलेक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने नेहरू उद्यान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बडी संख्या में युवाओं, अधिकारियों, कार्मिकों एवं आमजन ने बढचढकर भाग लेकर स्वच्छ व ग्रीन अलवर के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली नेहरू गार्डन से रवाना होकर आरआर कॉलेज सर्किल, एसएमडी सर्किल, मोती डूंगरी, भवानी तोप, मालवीय नगर होते हुए नगर वन कटी घाटी तक आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक चौधरी ने साइकिल रैली में साइकिल चलाकर शिरकत की।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर जिले को स्वच्छ बनाने की मुहिम में जुड़ने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि अलवर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने हम सभी की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 'अतुल्य अलवर अभियान' चलाया गया है, जिसमें आमजन अपनी महती भूमिका निभाते हुए अलवर को स्वच्छ व हराभरा शहर बनाने में सहयोग करें।

जिला कलेक्टर ने बताया मत्स्य उत्सव के दुसरे दिन सोमवार 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से राजा भर्तृहरि पैनोरमा परिसर में मेंहदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा दोपहर 12 बजे से श्री भर्तृहरि नाटक का आयोजन होगा।

मोबाइल टॉवर में लगी आग

टोंक। मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शनिवार को एक मोबाइल टॉवर के ऊपरी हिस्से में अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची दो दमकलों ने मशक्कत के बाद आग बुझाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-2 स्थित पानी की टंकी के पास लगे 50 फीट मोबाइल टॉवर के ऊपर से शनिवार सुबह धुआं उठने के बाद अचानक आग की लपटें उठने लगी। जिसके बाद मोहल्लेवासियों इकठ्ठा हो गये तथा पुलिस व दलकल विभाग को सूचना दी जिस पर दमकल सूचना पर पंहुची, दमक को टावर आबादी क्षेत्र में होने से आग बुझने तक में काफी परेशान रही। घन्टो मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों को पानी की टंकी के पास बने मकान की छत पर चढ़कर आग पर काबू पाना पड़ा। मौके पर पहुची पुरानी थाना पुलिस ने बताया कि आग प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट से लगना बताई जा रही।

नाम परिवर्तन
मै मेरा नाम आशा कुमारी से बदल कर आशा रामवानी पुत्री श्री लीलाराम रामवानी निवासी21,गणपति एन्क्लेव, मांग्यावास, जयपुर (राज.)-302020 रख रही हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

खोया पाया
मै शेख मो. उमर, हाफिज इमामुदीन, मो. इमरान शेख, मो. फिरोज शेख पुत्र शेख मो. सदीक हमारी जमीन का पंचायत पट्टा जो गुलाब खां उर्फ गेंदवृक्ष व नजीर मोहम्मद बेटा पोता बिरदु खां कोम मुसलमान सा. रेनवाल किशनगढ़ का 2935 गज अथार्थ 725 वर्गगज 19.03.1952 कही गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करें 8824646440

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 8655 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:-14.11.25
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 61/130 (MIG-A), (एरिया 90,000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन डॉ. ओम प्रकाश वर्मा पुत्र स्व. श्री भूरमल टेलर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1338 दिनांक 05.12.1994 को जारी किया गया। डॉ. ओम प्रकाश वर्मा की मृत्यु दिनांक 06.02.2025 को हो जाने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनके पुत्र श्री ब्रजेश वर्मा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश वर्मा द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री ब्रजेश वर्मा पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश वर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **सम्पादक प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंम्भ

टोंक। बच्चो को पोलियो बीमारी से मुक्त रखने के लिए रविवार से तीन दिवसीय उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान का जिला प्रमुख श्रीमति सरोज बंसल ने मातृ एवं षिषु स्वास्थ्य केन्द्र पर दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर पीएमओ डॉ हनुमान प्रसाद बेरवा, डॉ विनोद परवेरिया चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एमसीएच, डॉ चेतन जैन उपनियंत्रक, आरसीएचओ डॉ गोपाल जांगिड, त्रिलोकचंद वर्मा ,रामगोपाल गुप्ता, निर्मल महावर, रेखारानी महावर, विमला बेरवा पुष्पा वर्मा व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक व नर्सिंग कर्मी उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि पोलियो के खिलाफ बच्चो के सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये। वही सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अंतर्गत जिले में कुल 1666 बूथ स्थापित किए गये।

इसके अलावा हाउस टू हाउस टीमों की संख्या 1772, ट्रांजिट टीम की संख्या 27, मोबाइल टीम की संख्या 11, सुपरवाइजर टीम की संख्या 200, कुल लक्ष्य 2 लाख 27 हजार 361 एवं कुल मेन पावर 3743 का उपयोग किया जाएगा। डॉ चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम 23 नवम्बर से 25 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें आज 23 नवम्बर को बूथ पर दवा पिलाई गई तथा 24 व 25 नवम्बर को घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

वाहनों की लंबी कतारों से निज़ात के लिए थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मनोहरपुर। भामाशाह विमल केशुका व मनोहरपूर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष डी के सोनी आदि व्यापारियों ने मनोहरपूर पुलिस थानाधिकारी को ज्ञापन देकर बस स्टैंड से लेकर गाँधी चौक तक बारम्बार लगते हुए जाम से निजात दिलवाने की मांग की है।

केशुका व सोनी ने बताया कि टोल टैक्स की चोरी करने वाले वाहन बस स्टैंड से मोहल्ला सारवान व बिशनगढ़ मोड़ और पुलिस थाने के सामने होते हुए निकल जाते है।

ये वाहन तीव्र गति से दौड़ते है इससे आए दिन एक्सीडेंट होते रहते है 1999 में एक जने की मृत्यु भी हो चुकी है कई लोग टकराकर नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है!

इधर इन वाहनों के आने जाने और ट्रैक्टर ट्रॉली बड़े ट्रक आने जाने और दूर दराज से सामान खरीदने के लिए आने वाले ग्रामीण अपने वाहन लाते हैं पार्किंग के अभाव में वो दुकानों के सामने ही वाहनों को खड़ा कर देते है जिससे आए दिन जाम लगता ही रहता है बारम्बार हॉर्न के बजने से दुकानदारों के सर में दर्द होने लगता है वही ध्वनि प्रदूषण भी होता है!

व्यापारियों ने मनोहरपूर पुलिस थानाधिकारी को ज्ञापन देकर जाम से निजात दिलवाने की मांग की।

कस्बे में शादियों का दौर चल रहा है जिसके कारण शनिवार को जयपुर - शाहपुरा मार्ग, शाहपुरा-जयपुर रोड, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से खोरा रोड तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक यातायात पूरी तरह से जाम रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शादियों के कपड़े लेने आए आसपास के गांवों व ढाणियों के लोग जैसे ही बाजार पहुंचे, सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। देखते ही देखते हालात बिगड़ गए।

व्यापारियों का कहना है कि मनोहरपुर में आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है। ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में दिक्कत होती है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। कई बार सीएलजी मीटिंग और नगर पालिका बैठकों में बस स्टैंड से गांधी चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय विधायक मनीष यादव ने भी जाम की गंभीरता पर चिंता जताई थी और समाधान का आश्वासन दिया था, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम संख्या-2 हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.) मुत.दीवानी
मु.नं.-31/25 706/20.11.25
कर्णसिंह राजोरा आदि बनाम हरखास आम आदि
प्रार्थना पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
नोटिस हरखास आम
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण नम्बर 01 कर्णसिंह राजोरा, 2 धर्मसिंह, 3. बच्चूसिंह, 4. शेरसिंह, 5. फतेहसिंह पुत्रगण स्व. परसराम राजोरा, नाता रामप्यारी राजोरा, जाति खटीक, निवासी खटीकपाडा, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.) 6. पुष्पा पुत्री स्व. परसराम, माता रामप्यारी, पत्नी जगन्नाथ, जाति खटीक, हालवासी मालाखेडा, तहसील उमरैण, जिला अलवर (राज.) 7. नीलम पुत्री स्व. परसराम, माता रामप्यारी राजौरा, पत्नी राकेश, जाति खटीक, हालवासी चौमू, तहसील चौमू, जिला जयपुर (राज.) 8. ऋतु पुत्री स्व. परसराम, माता रामप्यारी, पत्नी सत्यनारायण, जाति खटीक, हालवासी झोटवाडा, जयपुर (राज.) ने उपस्थित न्यायालय होकर प्रार्थीगण के पिता परसराम राजोरा का स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा हिण्डौन में एक एसबीआई म्यूचुअल फण्ड जिसका फोलियो नम्बर 28672935 है, जिसकी कुल यूनिट बैलेन्स 363475517 है, प्रार्थीगण के पिता परसराम राजोरा की मृत्यु दिनांक 14.06.2025 को तथा माता रामप्यारी नोमिनी की मृत्यु दिनांक 11.02.2025 को हो गयी। मृतकों के वारिसान व उत्तराधिकारी प्रार्थीगण संख्या 01 लगायता 08 है। उक्त एसबीआई म्युचुअल फण्ड की भुगतान राशि को प्राप्त करने के लिए प्रार्थीगण संख्या 02 लगायत 08 ने आपस सहमति से अपने खास भाई प्रार्थी संख्या 01 कर्णसिंह राजोरा को न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अधिकृत कर दिया है, इसलिए प्रार्थीगण के पिता स्व. परसराम राजोरा के उक्त एबीआई म्यूचुअल फण्ड को प्रार्थी संख्या 01 कर्णसिंह राजोरा के नाम ट्रांसफर कर समस्त प्रकार की यूनिट्सों की भुगतान राशि प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिये न्यायालय ने आवेदन पेश किया है।
लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उज्र हो जो न्यायालय में दिनांक 11.12.2025 को समय 10.30 बजे असालतन अथवा वकालतन उपस्थित होकर अपनी उज्रदारी प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय सुना जाकर प्रार्थी संख्या 01 कर्णसिंह राजोरा के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा और प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जावेगा।
अतः यह नोटिस हरखास आम न्यायालय की आज्ञा से आज दिनांक 20.11.25 को जारी किया गया।
मुहर
आज्ञा से- सीनियर रीडर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्र.सं.-2 हिण्डौन सिटी (करौली) राज.

एसीईओ नरेंद्र कुमार मीणा ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

अलवर। निर्वाचन विभाग जयपुर के सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एसीईओ) नरेंद्र कुमार मीणा रविवार को अलवर जिले के दौरे पर रहें उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का अवलोकन किया और उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहित कर एसआईआर की गति को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए।

■ उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ को एसआईआर की गति को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए

निरीक्षण दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एसीईओ) ने अलवर शहर विधानसभा के मतदान केंद्र पर एसआईआर की प्रगति व समीक्षा, ईएफ की एंट्री, पावती, बीएलओ एप 'बुक ए कॉल' की समीक्षा की। उन्होंने एसआईआर कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहित करने एवं एसआईआर की गति को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए।

नरेंद्र कुमार मीणा ने विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर कार्य का अवलोकन किया।

इससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्यों में तेजी लाए, जिससे अधिकाधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जिले में एसआईआर को लेकर बीएलओ द्वारा ईएफ वितरण और डिजिटाइजेशन का अच्छा कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने इस दौरान बीएलओ एप पर 'बुक ए कॉल सर्विस' की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि बुक ए कॉल पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से आवश्यक दिशा-निर्देश अनुसार डिस्पोजल किया जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलवर शहर माधव भारद्वाज, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलवर शहर सोहन सिंह नरूका, रश्मि शर्मा, लोकेश चौधरी, अशोक कुमार शर्मा, मोनिका शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद रहे।

आवारा स्वानो को पकड़वाने की मांग

भरतपुर। भरतपुर शहर में विचरण कर लोगों का जीना दुश्वार कर रहे आवारा कुत्तों (स्वानो) को पकड़वाने की मांग को लेकर लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त से मांग की है । उत्थान मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ, सदस्य भूपेंद्र शर्मा, मनीष अग्रवाल, डॉ. हरीष, ओंकार सिंह, सुमित अग्रवाल, रितिक शर्मा आदि ने बताया अलावा कुत्तों (स्वानो) का प्रकोप भरतपुर में अत्यधिक बढ़ गया है। बाजारों, मोहल्लों, कॉलोनियों सहित सार्वजनिक स्थानों पर सैंकड़ों की सख्या में स्वानो का हुजूम लगा रहता है। आये दिन शहर में विचरण कर रहे आवारा स्वान किसी न किसी को अपनी चपेट में लेकर घायल कर देते है। खास तौर से कुत्ते बच्चो को अपना शिकार बना रहे है। बच्चे इनके डर से न तो स्कूल जा पाते है और न ही पार्कि अथवा अन्य खुले स्थान पर खेलने के लिये जा पाते है । पिछले दिनों भी एसटीसी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में इन कुत्तों ने बच्चों पर हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। हालांकि कुत्तों के बढ़ते बर्चस्व को देखकर सुप्रीम कोर्ट ने भी नगर निकायों को इन्हें पकड़वाने के निर्देश दिए हैं ,लेकिन कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना हो रही है।

णमोकार मंत्र का सुख व दुख दोनों में करें स्मरण : प्रभव

■ मुनि प्रभव सागर महाराज के सानिध्य में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

निवाई। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत आचार्य वर्धमान सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निवास में मुनि प्रभव सागर महाराज के सानिध्य में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि मुनि संघ के सानिध्य में जिनोदय युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भगवान चंद्रप्रभु शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक कर शांतिधारा की।

कार्यक्रम के दौरान नित्य नियम पूजा, शास्त्र भेंट व गुरु पूजन का आयोजन किया गया। धर्म सभा का शुभारंभ नसियां महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण करके किया। धर्मसभा में मुनिश्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि कभी भी किसी भी कार्य की देखा देखी नहीं करें, कार्य वही करें जो आपके पद या शक्ति के अनुरूप हो, क्योंकि जो कार्य एक के लिए करने योग्य है, वहीं दूसरे के लिए घातक हो सकता है। उन्होंने णमोकार मंत्र के महत्व पर प्रवचन में बताया कि णमोकार मंत्र में अरिहंत सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व सर्व साधु पांचों परमेष्ठी निहित है। णमोकार मंत्र का सुख व दुख दोनों में स्मरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि णमोकार मंत्र कल्पवृक्ष, कामधेनु और चिंतामणि रत्न के समान मनोरथ पूर्ण करता है। णमोकार महामंत्र में अनेक शक्तियां विद्यमान है। कैंसर रोग सहित अन्य गंभीर रोगी भी णमोकार मंत्र की श्रद्धा भक्ति से ठीक हो गए हैं। कार्यो में अवरोध कारण कष्ट होता है। णमोकार मंत्र की साधना और शक्ति से विविधता और रोग ठीक होते हैं। अकाल मृत्यु के बारे में विवेचना कर बताया कि संकलेश भाव परिणाम के कारण अकाल मृत्यु होती है, क्योंकि परिणाम के कारण आयु का बंध होता है। इस दौरान शाम को जैन हाउजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस अवसर पर मोहित चंवरिया, राजेन्द्र बगड़ी, महावीरप्रसाद पहाड़ी, दिनेश, रिंकू झांझरी, सुनील भाणजा, हितेश छाबड़ा, सुरेशचंद माधोराजपुरा, पारस पराणा, अरुण लटूरिया, गोलू चंवरिया, निर्मल सुनारा, महेंद्र चंवरिया, महावीरप्रसाद जैन, अनिल भांणजा व संजय जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 162/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती सुषा गुर्जर पत्नी श्री रामप्रकाश गुर्जर निवासी भवन हंस स्कूल के पास अमाई रोड, कोटपुतली एवं डॉ. आर. के. गुर्जर पुत्र श्री गोविन्द राम निवासी 24 फेन्ड्स कॉलोनी, पुलिस हेड क्वाटर के सामने, लाल कोठी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मरूधरा चेरिटेबल ट्रस्ट, अल्कापुरी, बाइपास रोड, बानसूर, जिला कोटपुतली-बहरोड के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 21.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 27.1.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

रक्त वीरों ने किया रक्तदान

राजगढ़ । सकारात्मक सोच सेओतप्रोत नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से सैनी धर्मशाला में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्तदान हुआ। इस रक्तदान शिविर में रक्त वीरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के संयोजक एवं संस्था से जुड़े दिनेश कुमार सैनी, दीपक तिवाडी ने बताया कि नई सोच नई किरण एवं एच डी एफ सी बैंक के सानिध्य में सैनी धर्मशाला मेला का चौराहा मैं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।आज कस्बे के मेला का चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित किया गया।संगठन ने हजारों सक्रिय सदस्यों के साथ समाज में जीवन बचाने में सहायक रक्तदान को महादान के रूप में स्थापित करने का सशक्त संदेश भी दिया है। संगठन के कार्यकर्ता दिनेश कुमार सैनी और उनकी समर्पित टीम एवं मरुधर ब्लड बैंक, जयपुर ने शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त एवं एस आई आर में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर जिला कलेक्टर से सम्मानित दिनेश कुमार सैनी शिक्षा में नवाचार के साथ सामाजिक सेवा में अपनी अमिट छाप छोडे हुए हैं।

डीग कुम्हेर का सर्वांगीण विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता है : डॉ शैलेश सिंह

भरतपुर। डीग ुम्हेर विधान सभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास मेरी पहली प्राथमिकता है ,इसके लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी यह बात रविवार को डीग के गांव गिरसै के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक निधि से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित नवीन हाल निर्माण कार्य एवं रमसा योजना से 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित दो कमरे मय बरामदे के निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डीग जिले में जिला स्तर की सुविधाओं के विकास के लिए वह हरसंभव प्रयास कर रहे है। 100 करोड़ की लागत से डीग में आवागमन की सुविधाओं के विकास के लिए रिंग रोड का निर्माण कराया जा रहा है। गांव सामई और खेड़ा ब्राह्मण में किसानों की हजारों बीघा कृषि भूमि जो एक से दशक से पानी में डूबी हुई थी।उससे जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए 6. 25 करोड़ की लागत से पानी निकासी का कार्य प्रगति पर है। गिर्राज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में राजस्थान सीमा में स्थित पूंछरी परिक्रमा मार्ग को अयोध्या कॉरिडोर की तरह धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए राजस्थान सरकार ने 300 करोड़ रुपए कि राशि स्वीकृत की गई है।

गांव गिरसै के विद्यालय में विधायक निधि से निर्मित बरामदे और रमसा से बने दो कमरो के बरामदे का लोकार्पण किया ।

पूछरी परिक्रमा मार्ग में होने वाले विकास से यहां धार्मिक पर्यटन बढ़ने से लोगों को रोजगार मिलेगा। डॉ सिंह ने कहा कि डीग सी एच सी को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करा दिया गया है।अब डीग में नया जिला अस्पताल बनने के बाद डीग जिले के लोगो को इलाज के लिए भरतपुर अलवर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि आपकी मांग को पूरा करते हुए मैंने गिरसै को नई ग्राम पंचायत बनवा दिया है। ग्राम पंचायत बनने के बाद गांव गिरसै सहित इसमें शामिल गावो घना गिरसे और नसवाडा में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास हो सकेगा। गिरसे को ग्राम पंचायत बनाने पर सरपंच प्रतिनिधि भीम सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, हरख्याल सिंह, ज्योतिराम , श्रीलाल , लहर सिंह सहित अन्य ग्रामवासियों द्वारा विधायक डॉ शैलेश सिंह का चांदी का मुकुट , साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, शहर मंडल अध्यक्ष ललित ति